मध्यप्रदेश विधान सभा

नवम्बर, 2001 सत्र

दैनिक कार्य सूची

बुधवार, दिनांक 21 नवम्बर, 2001 (कार्तिक 30, 1923)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

श्री अजय सिंह, पर्यटन मंत्री, कम्पनीज एक्ट, 1956 की धारा 619-क की उपधारा (3) (ख) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित का 19 वां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1996-97, पटल पर रखेंगे.

3. नियम 138(1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) सर्वश्री मुंशीलाल, बाबूलाल मेवरा, नरेन्द्र बिरथरे, सदस्य, सतना जिले के मैहर स्थित शारदा मन्दिर में भगदड़ से उत्पन्न स्थिति की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) डॉ. दुलालसिंह बिसेन, सर्वश्री कंकर मुंजारे, रसाल सिंह, सदस्य, सिवनी एवं बालाघाट जिले में धान की खरीदी न होने से उत्पन्न स्थिति की ओर राज्यमंत्री खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण का ध्यान आकर्षित करेंगे.

4. शासकीय विधि विषयक कार्य

डॉ. गोविन्द सिंह, राज्यमंत्री सहकारिता, मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी (संशोधन) विधेयक, 2001 (क्रमांक 26 सन् 2001) के पुरःस्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुरःस्थापित करेंगे.

5. नियम 139 के अधीन अविलम्बनीय लोक महत्व के विषयों पर चर्चा

निर्धारित समय

(1) प्रदेश में सूखे से उत्पन्न स्थिति के संबंध में चर्चा का पुनर्ग्रहण.

1 घन्टा 30 मि. — (2) प्रदेश में फैल रहे संक्रामक रोग (हैजा एवं आंत्रशोथ) से उत्पन्न स्थिति के संबंध में सर्वश्री हरीशंकर जायसवाल (हरि भैया), नरेन्द्र बिरथरे, सुनील नायक, लाल सिंह, नरेन्द्र सिंह तोमर, डॉ. सीतासरन शर्मा, सदस्य, चर्चा उठायेंगे.

1 घन्टा 30 मि. — (3) प्रदेश में कृषि उत्पादन में हो रही गिरावट से उत्पन्न स्थिति के संबंध में श्री नरोत्तम मिश्रा, सदस्य, चर्चा उठायेंगे.

भोपाल :
दिनांक : 20 नवम्बर, 2001

डॉ. ए. के. पयासी
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.